CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:30 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 277 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 1 मई 2024

अन्याय के खिलाफ लड़ने को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पहाड़ से मैदान तक निकली चटख धूप, शाम को हल्की बारिश के आसार

**देहरादून।** आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के साथ तेज गर्जन होने की संभावना है। उत्तराखंड में आज पहाड़ से मैदान तक मौसम साफ बना हुआ है। यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में हल्के बादलों के बीच धूप निकली हुई है। वहीं, राजधानी देहरादून समेत मैदानी इलाकों में धूप निकली हुई है। उधर, मौसम विभाग ने शाम तक पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार जताए हैं। हालांकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क ही रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के साथ तेज गर्जन होने की संभावना है।

### चारधाम यात्रा को लेकर आठ राज्यों में एडवाइजरी

**देहरादून।** आगामी 10 मई से यात्रा शुरू हो रही है। ऐसे में परिवहन विभाग की इसकी तैयारियों में जुटा है। वाहनों से आने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। चारधाम यात्रा में भारी वाहन, ट्रैक्टर-ट्रॉली लाए तो परिवहन विभाग उन्हें सीज कर देगा। परिवहन आयुक्त ने मंगलवार को आठ राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी। इसमें स्पष्ट किया गया कि कैब, मैक्सी में म्यूजिक सिस्टम प्रतिबंधित है। टूरिस्ट बसों में तभी म्यूजिक सिस्टम चलाया जा सकेगा, जबकि उसका नियंत्रण कंडक्टर के पास हो। परिवहन आयुक्त अरविंद सिंह ह्यांकी की ओर से यूपी, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें कहा गया कि चारधाम यात्रा में भारी वाहन, ट्रैक्टर ट्रॉली न आने दें। यहां परिवहन विभाग उन्हें सीज कर सकता है।

## गृहमंत्री के फर्जी वीडियो का मामला, अब तक 8 राज्यों में 16 को नोटिस

नई दिल्ली

एजेंसी


फर्जी वीडियो के मामले में पुलिस कहना है कि फर्जी वीडियो को एक्स पर डालने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं।

गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के मामले में दिल्ली पुलिस ने अब तक 8 राज्यों में 16 से ज्यादा लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें हरियाणा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव भी शामिल हैं।

पुलिस कहना है कि फर्जी वीडियो को एक्स पर डालने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। काफी वीडियो डिलीट करवा दिए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी लोग इसे एक्स पर पोस्ट कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपने हैंडल से इसे पोस्ट किया है, पुलिस उन सभी को पूछताछ के लिए बुला रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की साइबर विंग इंटेलिजेंस फ्यूजन व स्ट्रेटजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जांच नगालैंड, झारखंड, तेलंगाना, यूपी, एमपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैल चुकी है। दिल्ली के ओम विहार निवासी एक व्यक्ति को भी नोटिस दिया गया है। हालांकि, इस व्यक्ति का कहना है कि उसका मोबाइल कोई और इस्तेमाल कर रहा है।

नोटिस देने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें भेजी गई हैं। फर्जी वीडियो वायरल करने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। इनमें ज्यादातर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हैं सभी को पूछताछ के लिए एक मई को सुबह 10:20 बजे द्वारका स्थित आईएफएसओ के ऑफिस में बुलाया गया है। सभी बुधवार को नहीं आए तो फिर से कानूनी नोटिस दिया जाएगा।

पुलिस उपायुक्त आईएफएसओ, स्पेशल सेल, दिल्ली पुलिस का कहना है कि जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं, उनसे पूछताछ कर फर्जी वीडियो प्राप्त करने का स्रोत पूछा जाएगा। इससे पुलिस को वीडियो बनाने वाले शख्स को पकड़ने में आसानी होगी।







### बाहर निकाले गए बच्चे, तलाशी जारी

## दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली

एजेंसी

दिल्ली एनसीआर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल आया है। डीपीएस, मदर मैरी और एमिटी समेत कई नामी स्कूलों को मेल के जरिए धमकी दी गई है। मौके पर दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां पहुंच गई हैं। तलाश जारी है। दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी मिली है। जिसमें डीपीएस, एमिटी, मदर मैरी स्कूल समेत कई बड़े स्कूल शामिल हैं। दिल्ली के द्वारका में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित मदर मैरी स्कूल में भी बम की धमकी मिली है। वहीं, संस्कृति स्कूल और पुष्प विहार स्थित एमिटी स्कूल को भी ईमेल के जरिए धमकी दी गई है। छावला के सेंट थॉमस, सरिता विहार के जीडी गोयनका, बाबा हरिदास नगर के एवरग्रीन पब्लिक स्कूल और द्वारका के सचदेवा ग्लोबल स्कूल को भी धमकी मिली है।

दिल्ली के अलावा नोएडा के दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी धमकी भरा ईमेल मिला है। जिसके बाद पुलिस से लेकर स्कूल प्रशासन अलर्ट हो गया। एहतियातन बच्चों को बाहर निकाला गया। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। मौके पर पुलिस और बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है। स्कूल अभिभावकों को संदेश भेज रहे हैं। प्रिंसिपल का कार्यालय की तरफ से भेजे जा रहे संदेश में बताया जा रहा है कि स्कूल को एक ईमेल प्राप्त हुआ है, जिससे छात्रों की सुरक्षा को खतरा है। एहतियात के तौर पर हम छात्रों को तुरंत घर वापस भेज रहे हैं। निजी यात्री कृपया अपने बच्चे को यथाशीघ्र संबंधित गेट से स्कूल परिसर से लेने की व्यवस्था करें। पुलिस के मुताबिक, द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को एक धमकी भरा ईमेल मिला है, जिसमें स्कूल में बम होने की बात लिखी है। एहतियात के तौर पर स्कूल को खाली करा दिया गया है। मौके पर दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां पहुंच गई हैं। तलाश जारी है।





## यूनियनों को एकजुट होकर मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठानी होगी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**मजदूर दिवस**

- मई दिवस पर हल्द्वानी बसअड्डे में संयुक्त सभा आज शाम
- मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए एकताबद्ध होना बेहद जरूरी

जिले भर में मजदूर दिवस विभिन्न यूनियन व संगठनों की ओर से गोष्ठी आयोजित करने के साथ ही तमाम कार्यक्रम आयोजित किये गये। हल्द्वानी में मई दिवस संयुक्त आयोजन समिति के बैनर तले बुधवार अपराह्न चार बजे से रोडवेज बस अड्डा परिसर में विभिन्न यूनियनों और जनसंगठनों की ओर से संयुक्त रूप से सभा का आयोजन कर मई दिवस मनाया जाएगा।

यह जानकारी ट्रेड यूनियन ऐक्टू नेता डा.कैलाश पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मजदूरों के आठ घंटे काम के कार्यदिवस के अधिकार को हासिल करने के लिए चले आंदोलन में शहीद हुए मजदूरों की याद में हर साल मनाया जाता है। इस आंदोलन के बाद ही पूरी दुनिया में आठ घंटे का कार्य दिवस लागू हुआ। आज जब मोदी सरकार मजदूर आंदोलन के बल पर हासिल किए गए मजदूर पक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म कर मजदूरों के लिए गुलामी के चार श्रम कोड थोपने पर आमादा है तब मजदूर आंदोलन की मई दिवस की विरासत को याद करना और उसको बुलंद करते हुए मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए एकताबद्ध होना बेहद जरूरी हो गया है। इसलिए सभी मजदूर संगठनों और यूनियनों को एकजुट होकर मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठानी होगी। उन्होंने हल्द्वानी के सभी मजदूर संगठनों और प्रगतिशील लोकतांत्रिक लोगों से मई दिवस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

## सांसद भट्ट के जन्मदिन पर श्याम बाबा खाटू मंदिर में हवन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लोकप्रिय सांसद माननीय अजय भट्ट का जन्मदिन है। भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित अध्यक्ष प्रताप रैकवान के सानिध्य में आज श्याम बाबा खाटू मंदिर मुखानी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हवन पूजन करके उनकी लंबी आयु की। इस मौके वा कमल भगवान की हवन में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, नगर महामंत्री मधुकर श्रोत्रीय नगर, उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष विजय मनराल, वीनित अग्रवाल, दीपक बिष्ट, प्रकाश हरबोला, ऋषि जैन, दीप्ति, दिनेश आर्य, घनश्याम रस्तोगी आदि कार्यकर्ता हवन यज्ञ में उपस्थित थे।



## अमेठी में हलचल तेज, सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि आ सकते हैं मैदान में

अमेठी

एजेंसी

अमेठी में हलचल तेज हो गई है। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि क्षेत्र में पहुंच गए हैं। कहा जा रहा है कि वह खुद भी अमेठी से उम्मीदवार हो सकते हैं।

अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही हो सकती है। जिले में कांग्रेस कैंप में हलचल तेज हो गई है। सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा अमेठी पहुंच गए हैं। उम्मीद की जा रही है कि प्रत्याशी के नाम का एलान आज ही हो जाएगा। अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही हो सकती है। जिले में कांग्रेस कैंप में हलचल तेज हो गई है। सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा अमेठी पहुंच गए हैं। उम्मीद की जा रही है कि प्रत्याशी के नाम का एलान आज ही हो जाएगा। दोनों ही सीटों पर पांचवे चरण में मतदान होना है जिसके लिए नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई है।

इससे पहले, अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी को लेकर निर्णय न होने से कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। दावेदार के नाम को लेकर चल रही उलझन के बीच मंगलवार की शाम को कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। कांग्रेसी %अमेठी मांगे गांधी परिवार, राहुल गांधी या प्रियंका गांधी% का नारा लगा रहे थे। धरना दे रहे लोगों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र सहित अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।



### लालगंज से नीलम, दरोगा और आजमगढ़ से दिनेश व धर्मेंद्र ने किया नामांकन

बुधवार को लालगंज और आजमगढ़ लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी के चारो प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। सभी ने जमकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। चुनावों में ऐसा कम ही होता है कि बड़े दल एक साथ एक ही दिन नामांकन के लिए उतर जाएं। वह भी मौका जब लोकसभा चुनाव का हो। बुधवार को लालगंज और आजमगढ़ लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी के चारो प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। सभी ने जमकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। उधर, पुलिस व प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए हुए थे।

# नैनीताल के स्कूलों का परीक्षाफल रहा सराहनीय

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के विभिन्न शासकीय व अर्धशासकीय स्कूलों का परीक्षाफल सराहनीय रहा।भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय का हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा है। प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल का परीक्षाफल 98.6 प्रतिशत रहा।



कुल 143 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें से 141 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और 66 ने प्रथम जबकि 69 ने द्वितीय व 6 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और 27 परीक्षार्थी ससम्मान उत्तीर्ण हुए हैं साथ ही 6 परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। उल्लेखनीय है कि जसिथ आलोक ने हिन्दी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये हैं, छात्र की इस उपलब्धि पर हिन्दी की अध्यापिका डॉ0 नीलम जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र को बधाई दी है वहीं दूसरी ओर इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल 92.85 प्रतिशत रहा। कुल 154 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिनमें से 143 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और 120 ने प्रथम तथा 23 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और 31 परीक्षार्थी ससम्मान उत्तीर्ण हुए हैं।

प्रधानाचार्य मेहता के मुताबिक हाईस्कूल में सुमित सिंह फर्त्याल ने 469 अंकों यानी 93.8 फीसदी अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पाया है,जबकि सौरभकुमार ने 92.6 फीसदी, जगदीश बिष्ट ने 91 फीसदी, जसित आलोक ने 90.6 फीसदी, विकास जोशी व कृतिका ने 90.1 फीसदी अंक अर्जित किए हैं वही इंटर में दीपांशु जोशी तथा सिमरन आर्या ने सर्वाधिक 88.1 फीसदी, मानसी आर्या ने 87.8 फीसदी,दिया बिष्ट ने 86.6 फीसदी जबकि दीपांशु कुमार ने 85.6 फीसदी अंक अर्जित किए हैं।

विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षाफल पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विशन सिंह मेहता समेत प्रबन्धक ज्योति प्रकाश, डॉ0 नीता बोरा शर्मा, प्रवीण सती, आलोक साह, डॉ0 प्रहलाद, डॉ0 रेनू, डॉ0 नीलम, मीनाक्षी तथा मुक्ता चौधरी, दरपान सिंह, गोविन्द सिंह बोरा, उत्कर्ष बोरा, अवन्तिका, नवीन पाठक, निशा, मनीष, आलोक भट्ट, मनोज चन्द्र,प्रकाश, रश्मि, जगदीश पाण्डे तथा दिव्या सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। शहीद मेजर राजेश अधिकारी राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आर.एस.अधिकारी ने बताया कि हाईस्कूल में कुल 13 छात्रों में से 11 छात्र उत्तीर्ण हुए,उत्तीर्ण प्रतिशत 84.62 फीसदी रहा,जिसमें से 2 ने पहला, 5 ने दूसरा तथा चार ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। बताया कि इंशाक कुमार ने 500 में से 436 अंक पाए हैं जबकि सम्मान पाने वालों में लोकेश ने 60 फीसदी तथा पंकज आर्या ने 59.2 फीसदी अंक अर्जित किए हैं।

इंटर में कुल 21 में से 19 उत्तीर्ण हुए हैं,उत्तीर्ण का प्रतिशत 90.47 रहा है,जिसमें 10 ने पहला, 8 ने दूसरा तथा एक ने तृतीय स्थान पाया है। सर्वाधिक अंक आर्जित करने वालों में नवीन आर्या ने 82.4 फीसदी, तुषार आर्या ने 77.2 फीसदी तथा पूरन सिंह गैडा ने 71 फीसदी अंक अर्जित किए हैं।

## छात्र-छात्राओं को दी बधाई

राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ की प्रधानाचार्या तारा बोरा ने बताया कि हाईस्कूल में 24 थे,23 ने परीक्षा दी, 21 उत्तीर्ण घोषित हुए। 8 ने पहला स्थान तथा शेष 13 ने दूसरा स्थान पाया है। दिया आर्या ने सर्वाधिक 85 फीसदीअंक अर्जित किए हैं। इंटर में 24 पंजीकृत थे। 23 ने परीक्षा दी, 19 उत्तीर्ण घोषित हुए, जिसमें से 13 ने प्रथम, चार ने दूसरा तथा दो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भावना मठपाल ने सर्वाधिक 82 फीसदी अंक अर्जित किए हैं। सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को कालेज परिवार की ओर से बधाई दी गयी है।विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षाफल पर विद्यालय के पाण्डे तथा दिव्या सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।



# डीएसबी के डीएसडब्ल्यू कार्यालय में कार्यरत देव सिंह को दी विदाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के डीएसडब्ल्यू कार्यालय में कार्यरत देव सिंह अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर मंगलवार को सेवानिवृत हो गए।

बता दें कि देव सिंह जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर गांव के निवासी थे। उन्होंने 37 वर्ष की सेवा भी पूर्ण की । श्री सिंह ने जंतु विज्ञान तथा डीएसडब्ल्यू कार्यालय के साथ ही डीन आर्ट्स सहित परीक्षा अनुभाग में भी अपनी अहम योगदान किया। मंगलवार को डीएसडब्ल्यू कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में देव सिंह को शॉल ओढाकर तथा पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके प्रति कृतज्ञता एवम धन्यवाद किया गया। इस मौके पर डीन एग्रीकल्चर प्रो. जीत राम ने कहा कि यह नियम ही है कि एक दिन हर सरकारी कर्मी व अधिकारी को रिटायर होना ही होता है। कार्यवाहक डीएसडब्ल्यू प्रो. ललित तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए देव सिंह के कार्यों एवम समर्पण की प्रशंसा की तथा उनके उत्तम स्वस्थ की कामना की,जबकि प्रकाश पाठक ने उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रो. नीता बोरा शर्मा निदेशक तथा प्रो संजय पंत ने भी उनकी सेवाओं हेतु धन्यवाद भेजा। कार्यक्रम में हिमांशु ,डॉक्टर गगन होती,डॉक्टर अशोक कुमार,सुरेश लाल नंदा बल्लभ पालीवाल, गजेंद्र व दीपक बिष्ट समेत वाहिद, गणेश कुमार,पी तिवारी तथा मोहन बिष्ट आदि शामिल रहे।

# ममता व श्वेता का नाम प्रदेश की वरियता सूची में

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा मे प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज की दसवीं कक्षा की दो मेधावी छात्राओं क्रमश: ममता बिष्ट व श्वेता आर्या ने प्रदेश की वरियता सूची में 19वां तथा 24 वां स्थान अर्जित कर कालेज के साथ ही नगर का नाम भी रोशन किया है। दोनों छात्राओं की इस अहम उपलब्धि पर कालेज परिवार की प्रधानाचार्या शबनम अहमद समेत अन्य शिक्षिकाओं व कर्मियों व छात्राओं में खुशी का माहौल है।

बता दें कि नगर के चार्टन लॉज निवासी टैक्सी चालक हरीश सिंह बिष्ट और दीपा बिष्ट की पुत्री मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर की छात्रा ममता बिष्ट ने उत्तराखंड बोर्ड दसवीं की परीक्षा में हिंदी में 100, अंग्रेजी में 90 तथा गणित में 100 तथा विज्ञान में 96 जबकि सामाजिक विज्ञान में 90 और अतिरिक्त विषय पेंटिंग में 91 अंक के साथ कुल 476 अंकों के साथ प्रदेश में 19वां स्थान पाया। ममता ने बताया कि वह रोजाना 5 घंटे पढ़ाई किया करती थी। सेल्फ स्टेडी कर उन्होंने यह सफ लता हासिल की है। कहा इंटरनेट में उपलब्ध वीडियो से भी उन्हें मदद मिली है। वह पुलिस में जाकर देश की सेवा करना चाहती हैं।

दूसरी ओर नारायण नगर निवासी एटीआई में उपनल के पद पर कार्यरत आनंद प्रकाश व हाईकोर्ट में कार्यरत हेमा देवी की पुत्री मोहनलाल साह वालिका विद्या मंदिर की छात्रा श्वेता आर्य ने उत्तराखंड बोर्ड दसवीं की परीक्षा में हिंदी में 99, अंग्रेजी में 97 तथा गणित में 89, विज्ञान में 99, सामाजिक विज्ञान में 99 जबकि अतिरिक्त विषय पेंटिंग में 96 अंक लाकर कुल 474 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 24वां स्थान हासिल किया है। श्वेता ने बताया कि रोजाना तीन घंटे पढ़ाई करती थी। कहा परीक्षा से करीब चार माह पूर्व समय बढ़ाया। इस बीच करीब तीन माह ट्यूशन भी लिया। गणित का निरंतर अभ्यास और स्कूल में पढ़ाई जा रहे विषयों का रिवीजन करना बेहद काम आया। वह सिविल सर्विस में जाना चाहती हैं।

## होनहारों की मेहनत पर खुशी मनाई







**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ओखलकांडा ब्लॉक के वनों को आग से रोकथाम करने हेतु एक बैठक का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के ओखलकांडा ब्लाक के ग्राम पंचायत बडौन में जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने मंगलवार को वनों को आग से रोकथाम करने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासियों को वनों में लगने वाली आग से हो रहे नुकसान के बारे में बताया गया।



इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर आग लगने पर सभी ग्राम वासियों को बचाव करने की अपील की गई एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए रास्ते में बीड़ी सिगरेट जली हालत में ना फेंकने के निर्देश दिए तथा खुले में कूड़ा ना जलाने की हिदायत दी तथा आग बुझाने हेतु स्वयं सहायता समूह तथा युवक मंगल दल एमहिला मंगल दलों से सहयोग की अपील की गई। बैठक में विकासखंड स्तर से सहायक विकास अधिकारी पंचायत विनोद कुमार भट्ट ,सहायक खंड विकास अधिकारी देशराज तथा उप कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा राजेंद्र भट्ट तथा ग्राम विकास अधिकारी संतोष कुमार समेत ग्राम पंचायत अधिकारी दीप चंद जोशी तथा सौरभ मेहता एवं कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बारिश के बाद भी नहीं बुझ पाई नैनीताल के जंगलों की आग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में बीती देर रात बारिश के बाद भी जंगलों की आग नहीं बुझ पाई। देर रात 12 बजे बारिश के दौरान भी देवीधूरा जंगल में गांव के पास ही आग धधक गई। वहीं जलते पेड़ों को भी बारिश नहीं बुझा पाई।

बता दें कि नैनीताल के समीपवर्ती मनोरा रेंज के देवीधूरा गांव में बीते रोज आग लग गई थी। वन विभाग की टीम ने शाम तक आग पर काबू पाते हुए गांव की ओर से आग बुझा दी थी। लेकिन जंगल की ओर आग नहीं बुझ पाई। वहीं देर रात बारिश होते ही वन विभाग ने चैन की सांस ली ही थी कि तेज हवा ने आग को दोबारा सुलगा दिया। देखते ही देखते गांव के समीप ही भयानक आग धधक गई। जिसको ग्रामीणों ने किसी तरह रात को ही बुझा दिया। लेकिन जंगल में आग अभी भी धधक रही है। जिसके चलते क्षेत्र में धुंआ फैल रहा है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। पेड़ों में लगी आग को भी जल्द ही बुझा दिया जाएगा।

नैनीताल में गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि गर्मी शुरू होते ही शरीर में कई तरह के इन्फेक्शन होने लगते हैं जिसमें गर्मियों में आँखो की समस्या बढ़ जाती है। राजकीय बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में गर्मी के चलते आंखों के इंफेक्शन के मामले बढ़ रहे हैं जिसमें आंखें लाल होने की परेशानी हो रही है। मामले में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका लोहनी ने बताया की मौसम परिवर्तन व भीषण गर्मी के चलते अस्पताल में आँखो के मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हो रही है। रोजाना 60-70 मरीज ओपीडी में दिखाने आते हैं।

# अभिमत

## कौन बना रहा दबाव?

*सेवानिवृत्त न्यायाधीश दलगत राजनीति से ऊपर हैं, उन्हें यह बताना चाहिए कि न्यायपालिका पर दबाव कौन बना रहा है? भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ नेता जेल में हैं, कुछ के खिलाफ फैसले होते रहते हैं। कई नेताओं के खिलाफ जांच हो रही है और छापे पड़ रहे हैं। जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर विरोध प्रदर्शन और आरोप लग रहे हैं। इसी बीच सुप्रीमकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखने से देश के उच्च शिक्षित वर्ग से लेकर कम पढ़े-लिखे व्यक्ति भी न्यायपालिका के बारे में सोचने को मजबूर हो सकते हैं। सुप्रीमकोर्ट के कई अधिवक्ता राज्यसभा व लोकसभा के सदस्य और मंत्री रहे हैं। पार्टी के मुकदमे में पैरवी करते हैं। हालांकि फैसला उनके पक्ष में नहीं होने पर भी सम्मान करते हैं।*

लोकतंत्र में न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका की जिम्मेदारी को कम अथवा ज्यादा करके आंकना उचित नहीं होगा। यह बात जरूर है कि सर्वोच्च न्यायालय के कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों को अपरिहार्य कारण से विधायिका ने निष्प्रभावी बना दिया, जिसमें तलाक के मामले में शाहबानो को गुजाराभत्ता देने का फैसला उल्लेखनीय है। उस निर्णय के लिए दुनिया के कई देशों ने भारत की

न्यायपालिका की प्रशंसा की थी। पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका ने कई ऐसे निर्णय किये, जिससे आश्चर्य हुआ, इसी लिए सुप्रीमकोर्ट के चार और हाईकोर्ट के 17 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर चिंता जताई है कि कुछ गुट सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के जरिये न्यायपालिका को कमजोर करने का दबाव बना रहे हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने यह भी कहा है कि ऐसे आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं। पत्र का शीर्षक 'न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने की आवश्यकता' है। न्यायपालिका की मजबूती सुनिश्चित करने और कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता सुरक्षित रखने का आग्रह किया है। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से पहले अधिवक्ताओं ने भी दो बार मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर सवाल उठाये हैं। अधिवक्ताओं के पत्रों को ज्यादा महत्व नहीं देना, कोई खास बात नहीं है, क्योंकि अधिकतर अधिवक्ता राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित होते हैं। यदि सरकार के खिलाफ फैसले आते हैं तो सत्तारूढ़ दल से सम्बद्ध अधिवक्ता असहज महसूस करते हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीश दलगत राजनीति से ऊपर हैं, उन्हें यह बताना चाहिए कि न्यायपालिका पर दबाव कौन बना रहा है? भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ नेता जेल में हैं, कुछ के खिलाफ फैसले होते रहते हैं। कई नेताओं के खिलाफ जांच हो रही है और छापे पड़ रहे हैं। जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर विरोध प्रदर्शन और आरोप लग रहे हैं। इसी बीच सुप्रीमकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखने से देश के उच्च शिक्षित वर्ग से लेकर कम पढ़े-लिखे व्यक्ति भी न्यायपालिका के बारे में सोचने को मजबूर हो सकते हैं। सुप्रीमकोर्ट के कई अधिवक्ता राज्यसभा व लोकसभा के सदस्य और मंत्री रहे हैं। पार्टी के मुकदमे में पैरवी करते हैं। हालांकि फैसला उनके पक्ष में नहीं होने पर भी सम्मान करते हैं। यदि मामला और उच्च पीठ के सम्मुख उठाने की गुंजाइश होती है तो आगे बढ़ते हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के पत्र के संदर्भ में मुख्य न्यायाधीश की प्रतिक्रिया का देश को इंतजार करना पड़ सकता है।

# नए आस्था पथ से बदरीनाथ तक पहुंचेंगे तीर्थयात्री





**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

इस साल बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई से शुरू हो रही है। ऐसे में बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्य तेजी से चल रहे हैं। यहां आस्था पथ में भी बदलाव किया गया है। बदरीनाथ धाम तक पहुंचने वाला पुराना आस्था पथ ध्वस्त होने के कारण अब साकेत तिराहे से अलकनंदा किनारे से होते हुए करीब 100 मीटर का नया रास्ता बनाया जा रहा है।

इस मार्ग को नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, बामणी गांव से बदरीनाथ मंदिर तक पहुंचने के लिए भी करीब 300 मीटर नए रास्ते का निर्माण किया जा रहा है। यहां रीवर फ्रंट के कार्यों से पुराना रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है।

बदरीनाथ धाम परिसर के इर्द-गिर्द होटल, धर्मशाला और आवासीय मकान थे। अब उन्हें हटा दिया गया है। इन दिनों लोक निर्माण विभाग पीआईयू की ओर से मलबे का निस्तारण भी कर रहा है।

साथ ही नगर पंचायत के 45 पर्यावरण मित्र बदरीनाथ धाम पहुंच गए हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि धाम में नए आंतरिक मार्गों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। साकेत तिराहा से नए मार्ग का निर्माण अंतिम चरण में है। उधर, बदरीनाथ धाम की यात्रा को लेकर इन दिनों तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जहां प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं बीकेटीसी की ओर से मंदिर की साज सज्जा, सफाई व अन्य कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इसी के तहत समिति की ओर से इन दिनों बदरीनाथ धाम में साफ सफाई के साथ नक्काशीदार लकड़ियों पर रंगरोगन कार्य कराया जा रहा है।

## एनसीसी कैडेस के लिए प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा एनसीसी में सी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले एनसीसी आर्मी तथा नेवी कैडेट विद्यार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। इस हेतु कर्नल वीके रावल तथा ग्रुप कैप्टन संदीप मोहन को कुमाऊं विश्वविद्यालय का विजिटिंग प्रो. नियुक्त किया गया है जो कैडेट्स को एसएसबी की कोचिंग देंगे। बता दें कि कुलपति प्रो दीवान एस रावत के विशेष प्रयास से ये प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो ललित तिवारी ने कहा की परिसर के कैडेस को ये प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की है तथा इस आशय के आदेश रजिस्ट्रार दिनेश चंद्रा द्वारा जारी किए जा चुके है तथा इसकी प्रति आर्मी विंग एनसीसी मेजर प्रो हरीश बिष्ट तथा लेफ्टिनेंट डॉक्टर रितेश साह को इसकी प्रति की गई है। उक्त निर्णय कुलपति की विद्यार्थियों से हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है ।

## ऑल सेंट्स कॉलेज में भ्रमण पर पहुंची साप्ताहिक सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम में दी जानकारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**


नगर के ऑल सेंट्स कॉलेज में चल रहे साप्ताहिक सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के कुरगांव स्थित विराज इंटरनेशनल स्कूल से आई 10 छात्राएं मंगलवार को हिमालय पर्वत की जानकारी जुटाने के लिए केबिल कार से स्नोव्यू भ्रमण पर पहुंची जहां से उन्होंने हिमालय श्रृंखला के बारे में जानकारी जुटाई।



मंगलवार को इन छात्राओं ने प्राचीन नैना देवी मंदिर जाकर देवी के दर्शन किए और मंदिर के पौराणिक इतिहास से भी रूबरू हुईं। इसके अलावा आज इन छात्राओं ने ऑल सेंट्स कॉलेज में वर्ल्ड विशन पब्लिकेशन द्वारा आयोजित बुक फेयर में भी प्रतिभाग किया और देश विदेश की प्रसिद्ध किताबों का अवलोकन किया। इससे पहले दिन इन छात्राओं ने नैनीताल नगर व आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया और कुमाऊँ की जलवायुए जीव जंतुए संस्कृतिए परंपराए यहाँ के लोगों के रहन. सहन से रूबरू हुईं। साथ ही यहाँ के लोगों को भी अपने क्षेत्र की विशेषताओं से अवगत कराया। नैनीताल भ्रमण के तहद यह छात्राएं आज ऑल सेंट्स की छात्राओं के साथए नीब करौरी बाबाजी के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंची और बाबाजी के असीम प्रेम और चमत्कारों से रूबरू हुईं। इसके अलावा यहाँ छात्राओं ने योग और ध्यान के गुर सीखे और इससे मिलने वाले लाभों का ज्ञान प्राप्त किया। छात्राओं का यह दल साततालए नौकुचियाताल और भीमताल भी पहुंचा। यहां नौकायान और सैर के साथ साथ इन्होंने यहां की जैवविविधता से भी रूबरू कराया गया। इसके अलावा इन छात्राओं ने विद्यालय मे चल रहे एस्ट्रोपाठशाला कार्यशाला मे प्रतिभाग कर हाइड्रोरॉकेट्री के गहन तत्वों की जानकारी ली व रात्रि आकाश अभिविन्यास का आनंद लिया व ज्ञान प्राप्त किया।छात्राओं को टिफिन टॉप के जंगल भी ले जाया गया और यहां उगने वाले पाइन और ओक के पेड़ो के साथ साथ पहाड़ों पर होने वाले औषधीय पौधों की जानकारी भी इन छात्राओं के साथ सांझा की गई। ये छात्राएं यहां 3 मई तक रहकर 4 मई की सुबह महाराष्ट्र के लिए प्रस्थान करेंगी।

# फिल्मी दुनिया

## अन्याय के खिलाफ लड़ने को 'बिब्बोजान' रहीं सेट पर भूखी



*अदिति राव हैदरी आने वाले दिनों में सोनाक्षी सिन्हा और मनीषा कोइराला के संग हीरामंडी में नजर आने वाली हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अदिति कहती हैं, जब आप संजय लीला भंसाली जैसे दिग्गज निर्देशक के साथ काम करते हैं तब आपको काफी कुछ सीखने को मिलता है। अदिति राव हैदरी इन दिनों अपनी अगामी सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस सीरीज का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। दर्शकों में इस शो को लेकर अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। अपने शो के प्रमोशन के दौरान अदिति राव हैदरी शूटिंग से जुड़े कई दिलचस्प किस्से सुनाती नजर आईं। अदिति राव हैदरी आने वाले दिनों में सोनाक्षी सिन्हा और मनीषा कोइराला के संग हीरामंडी में नजर आने वाली हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अदिति कहती हैं, जब आप संजय लीला भंसाली जैसे दिग्गज निर्देशक के साथ काम करते हैं तब आपको काफी कुछ सीखने को मिलता है। एक दिन एक दृश्य को शूट करना था और वह दृश्य अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने को लेकर था। संजय ने इस दृश्य के लिए मुझसे कहा कि आज दिन भर मैं खाना नहीं खाउंगी। अदिति राव हैदरी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैंने उनकी बात मानी और मैंने कुछ भी नहीं खाया। आप यकीन नहीं करेंगे जब मैं उस दृश्य को कर रही थी तब मैं उस किरदार के दर्द और गुस्से को महसूस कर पा रही थी। संजय बतौर निर्देशक जानते हैं कि आप अपना बेहतरीन कैसे दे सकते हैं। वे अपनी कला के प्रति पूर्णतः समर्पित हैं। वे जो कुछ भी करते हैं दिल से करते हैं।*

### रिलीज होगी हीरामंडी

*हीरामंडी को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वेब सीरीज के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी की दुनिया में डेब्यू करने जा रहे हैं। 1 मई को यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। इस शो में अदिति राव हैदरी के अलावा मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कलाकार अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आने वाले हैं।*

## ग्राम फल्याणी में वनाग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वन विभाग के दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के वन संरक्षक टी0आर0 बीजूलाल के निर्देशन में मंगलवार को नैनीताल वन प्रभाग के तहत नैना रेंज के बुधलाकोट बीट अन्तर्गत ग्राम फल्याणी में वनाग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में नैना वन क्षेत्र व कोसी वन क्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारी व युवक मंगल दल, महिला मंगल दल तथा सरपंच व ग्राम प्रधान एवं गरजोली इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य समेत अध्यापक व छात्र-छात्रायें व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वन संरक्षक टीआर बीजू लाल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में वनाग्नि से हो रहे नुकसान व जमीनी स्तर पर वनाग्नि से बचाव करने के बारे जानकारी प्रदान की गई साथ ही नैनीताल वन प्रभाग अन्तर्गत 40 पंजीकृत महिला मंगल दल व युवक मंगल दल हेतु वनाग्नि में सहयोग के लिये 15-15 हजार दो किस्तों में प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम के अंत में वनाग्नि से बचाव के लिए कैसे लोगों से समन्वय स्थापित व वनाग्नि से वन्यजीवों को नुकसान और उससे बचाव के बारे में बताया गया। युवक मंगल दल व महिला उमंगल दल से वनाग्नि से बचाव हेतु सुझाव मांगा एवं समस्त उपस्थिति अतिथियों तथा छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन सिंह बोहरा वन आरक्षी नैना रेंज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद चन्द्र तिवारी वन क्षेत्राधिकारी नैना,जगदीश सिंह कोरंगा वन दरोगा बुधलाकोट व वन आरक्षी/कर्मचारी नैना व कोसी रेंज के उपस्थित रहे।

# आल इंडिया कराटे में 17 गोल्ड मेडल जीत उत्तराखंड ओवरऑल चैंपियन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में 17 गोल्ड मेडल जीतकर उत्तराखंड ओवरऑल चैंपियन बना। चैंपियनशिप यूपी नोएडा के इंडौर स्टेडियम में बीती 27 व 28 अप्रैल को आयोजित की गई। उत्तराखंड टीम के कोच चेतन भट्ट ने बताया कि चैंपियनशिप में 24 राज्यों के 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप में बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक गोल्ड मेडल जीते।

उत्तराखंड टीम के सीनियर वर्ग में चेतन भट्ट गोल्ड, महिला सीनियर वर्ग में पायल मेहता, बालिका जूनियर में कनिका जोशी, किरन तिवारी, प्रतिष्ठा जोशी, जानवी जोशी, साक्षी जोशी व फरीन सैफी ने गोल्ड मेडल जीता। सब जूनियर वर्ग में नम्रता कश्मीरा, चेष्टा खोलिया, माही भैसोड़ा, इशान बिष्ट, भूमिका पांडे, मानस उपाध्याय, अथर्व अधिकारी ने गोल्ड मेडल हासिल किया। इनके अलावा 11 खिलाड़ियों ने सिल्वर व कांस्य पदक जीते। इधर आज सोमवार 29 अप्रैल को खिलाड़ियों का हल्द्वानी पहुंचने पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह क्वीरा, नेशनल रेफरी वीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा नेता विकास भगत, सह सचिव देवेंद्र सिंह बिष्ट, मोहित मिश्रा, संजय सिंह किरौला, नीरजा बोरा ने स्वागत किया।




**खेलकूद**

● प्रतियोगिता में 24 राज्यों के 500 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

## News कॉर्नर

### बिजली की रिपेयरिंग करने गया युवक की करंट लगने से मौत

**रुद्रपुर।** एक व्यक्ति के घर में बिजली रिपेयरिंग करने के दौरान करंट लग जाने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के मुताबिक जगतपुरा निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र कुमार पुत्र रामजनप्रसाद की चक्की है और वह बिजली रिपेयरिंग का काम भी करता है। बुधवार की सुबह वह जगतपुरा गली नम्बर एक निवासी कोमिल नाम के व्यक्ति के घर बिजली रिपेयरिंग का काम करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। करंट लगने से वहां मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया। जानकारी मिलने पर जितेन्द्र के परिजन भी मौके पर पहुंचे। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जितेन्द्र को मृत षोषित कर दिया। जितेन्द्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलनें पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

### सड़क पर मृत मिला गुलदार

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में एक गुलदार सड़क पर मृत मिला। आशंका जताई जा रही है कि गुलदार की ऊंची पहाड़ी से गिरने से मौत हुई है। उत्तरकाशी में नाकुरी के समीप एक गुलदार सड़क पर मृत पाया गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग ने गुलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत गुलदार के सिर और मुंह पर चोट आई है। वन विभाग के अनुसार प्रथम दृष्टयता गुलदार ऊंची पहाड़ी से गिरा है। जिस कारण उसकी मौत हुई है।

# बेकाबू होकर खाई में गिरे ट्रक में लगी आग, जंगल भी आया चपेट में

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

गौलापुल तिराहे के पास एक बेकाबू ट्रक खाई में जा गिरा जिससे उसमें आग लग गई। ट्रक में आग भड़कते ही उसने जंगल को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल वाहन ने आग पर काबू पा लिया जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

बुधवार की तड़के 18 टायरा ट्रक संख्या यूपी25सीटी-6130 गौलापुल तिराहे के पास खाई में गिर गया। खाई में गिरते ही ट्रक में आग लग गई। आग जंगल में भी फैलने लगी। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को दी।

आईएफएम अर्जुन सिंह नेगी के नेतृत्व में पहुंची दमकल विभाग की टीम आग बुझाने में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। वहीं ट्रक में आग लगते ही चालक व क्लीनर किसी तरह से ट्रक से बाहर निकल आए। हादसे में चालक को भी चोट आई है।



# बन्नाखेड़ा फायरिंग प्रकरण में दो और आरोपी दबोचे

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना बाजपुर क्षेत्र चौकी बन्नाखेड़ा में हुई फायरिंग में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल 24 को चौकी क्षेत्र बन्नाखेड़ा फायरिंग हुई थी। उन्होंने बताया कि सीओ बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बाजपुर मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीमो का गठन किया गया था। पुलिस ने 3 आरोपी पहले ही गिरफतार कर जेल भेज चुकी है। अन्य की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गुरपेज सिंह पुत्र निछत्तर सिंह निवासी जगतपुर कुण्डेश्वरी थाना काशीपुर,शुभम जोशी उर्फ अण्डा पुत्र कैलाश जोशी बंगाली कालोनी कुण्डेश्वरी काशीपुर को बन्नाखेडा क्षेत्र से गिरफतार किया है। एसपी काशीपुर ने बताया कि शुभम जोशी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की। किया गया है।



# अल्मोड़ा में हाईस्कूल में 93.16, इंटर में 91.78 फीसदी रहा रिजल्ट

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

जिले में हाईस्कूल का परीक्षाफल 93.16 और इंटर में 91.78 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल और इंटर बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने फिर बेटो को पछाड़ कर मैदान मार लिया। हाईस्कूल में छात्र का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.16 रहा जबकि छात्राओं का 94.51 फीसदी रहा। वहीं इंटर में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.91 और छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.46 रहा। जिले में 6788 परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा दी। जिसमें 6324 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें 2961 छात्र और 3363 छात्रा उत्तीर्ण रहे। उत्तीर्ण छात्र प्रतिशत 91.67 और उत्तीर्ण छात्रा प्रतिशत 94.51 रहा। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.16 रहा। इंटर में 6023 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी। जिसमें से 5528 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। जिसमें 2423 छात्र और 3105 छात्रा हैं। छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.71 और छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.46 रहा। कुल प्रतिशत 91.78 रहा। छात्रों की अपेक्षा छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत हाईस्कूल और इंटर में अधिक रहा। ऐसे में एक बार फिर बेटियों का दबदबा रहा।

# लूट का खुलासा न होने पर गुस्साए लोगों ने कोतवाली घेरी

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

नगर के चीनाखान मोहल्ले में महिला से हुई लूटपाट की घटना का 10 दिन बाद भी खुलासा न होने पर गुस्साए लोगों ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक का घेराव किया।

उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर में लगातार चोरी और लूटपाट की घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस लाचार बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी को जल्द पकड़ने का भरोसा देकर किसी तरह लोगों को शांत किया। नगर के चीनाखान में 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के दिन मतदान कर घर लौट रही महिला के गले से बदमाशों ने सोने का मंगलसूत्र लूट लिया था। दो सप्ताह बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर नहीं कर सकी है।

मंगलवार को पीड़िता जानकी बिष्ट के साथ कोतवाली पहुंचे क्षेत्र के लोगों ने कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा काटा। गुस्साए लोगों का कहना था कि नगर क्षेत्र में लूटपाट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं लेकिन अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी तक नहीं खंगाले। यदि गंभीरता से सीसीटीवी खंगाले जाते तो आरोपी व उसके गिरोह की निशानदेही की जा सकती थी। लोगों ने कहा कि घटना के दूसरे दिन से ही पुलिस आरोपी को ट्रैक करने की बात कर रही है लेकिन 11 दिन बीत चुके हैं आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस दौरान लोगों ने नगर और आसपास के इलाके में पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने और स्मैक, गांजा, चरस की गिरफ्त में आ रहे युवाओं व नशीले पदार्थों की तेजी से बढ़ रही तस्करी को रोकने में पुलिस की कार्यवाही पर भी सवाल उठाए। चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपी को नहीं पकड़ा गया तो वह आंदोलन करेंगे। वहीं कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने कहा कि पुलिस घटना के बाद से लगातार आरोपी की तलाश में जुटी है। शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मौके पर गीता मेहरा, मनोज सनवाल, देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू, विनय किरौला, वैभव पांडे, वकुल साह, नीमा बिष्ट, रेखा बिष्ट, राधा बिष्ट, जानकी चिलवाल, मीना मनराल, शुभम, निर्मला जोशी, अंजू मेहता, भावना रावत, बसंती बगडवाल आदि मौजूद रहे।

# मेघनाथ-लक्ष्मण युद्ध, लक्ष्मण शक्ति का हुआ मंचन

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

हवालबाग विकासखंड के गोविंदपुर के राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित रामलीला के नौवें दिन लक्ष्मण शक्ति प्रसंगों का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। लक्ष्मण को शक्ति लगने पर दर्शकों के आंसू छलक पड़े। रामलीला में लक्ष्मण को शक्ति लगना, राम विलाप, हनुमान का सुषेन वैद्य को लाना, हनुमान का संजीवनी बूटी लाना, लक्ष्मण का मूर्छा से उठना, कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध, रावण विलाप, मंदोदरी विलाप आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। दीक्षा तिवारी ने राम, निशा भंडारी ने लक्ष्मण, लता भंडारी ने सीता, कैलाश तिवारी ने रावण, चंद्रशेखर जोशी ने हनुमान, राजेश तिवारी ने मेघनाद, नीरज जोशी ने कुंभकर्ण के पात्र की भूमिका निभाई।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र चिलवाल, कोषाध्यक्ष नंदन सिंह, नीरज जोशी, हेमचंद्र पांडे, गणेश बिष्ट, रमेश लोहनी, रमेश भंडारी, सुंदर डांगी आदि मौजूद रहे।


# गैर कानूनी तरीके से दस्तावेज तैयार करने के संबंध में भेजा स्मरण पत्र

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल शेरवानी कंपाउंड (मैलरोज) निवासी पवन जाटव पुत्र स्व.सुरेश जाटव की ओर से सूबे के मुख्य सचिव को एक स्मरण पत्र भेजा गया है जिसमें उन्होंने कहा है कि उनकी ओर से 1 अप्रैल 2024 को नेपाली मूल के व्यक्तियों द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण व लोगं की निजी जमीन पर कब्जा एवं गैर कानूनी तरीके से भारत में दस्तावेज तैयार करने के संबंध में पत्र भेजा गया था लेकिन एक माह बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जाटव ने पत्र में कहा है कि उत्तरखण्ड में नैनीताल शहर व नैनीताल से जुड़े आस पास के गाँवों में नेपाली मूल के व्यक्तियों द्वारा सरकारी जमीन पर व लोगो की निजी जमीन पर कब्जा कर अपना आवास बनाने हेतु एवं गलत तरह से बिना भारत की नागरिकता लिये बगैर भारत के दस्तावेज बनाने हेतु कुछ नेपाल वासियों की सूचना मेरे द्वारा एक प्रार्थना पत्र बीते एक अप्रैल 2024 को मुख्य सचिव को भेजा गया था,जिसमें वर्तमान में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ना ही नेपालियों का सत्यापन हुआ है जिससे भारत की सुरक्षा को एक बड़ा खतरा हो सकता है। मेरे द्वारा जाँच पड़ताल करने पर कुछ ऐसे नेपाल बासियों का भी पता चला जिन्होंने स्टाम्प पेपर में जमीन खरीदकर अपने आवास बना रखा है। जिसमें बिजली पानी की सुविधा ले रखी है एवं भारत के दस्तावेज बिना भारत की नागरिकता लिये बना रखे हैं।



# डोडीताल में खुले मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट

**उत्तरकाशी।** समुद्रतल से करीब 12 हजार फीट की ऊंचाई पर डोडीताल किनारे स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट विधिविधान के साथ छह माह के लिए खोल दिए हैं।

मंदिर के कपाट गणेश चतुर्थी के अवसर पर कृष्ण पक्ष में सुबह 9.15 बजे खोले गए। डोडीताल में मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट खोलने के लिए बीते शुक्रवार को अगोड़ा गांव से नाग देवता की देवडोली सहित असी गंगा घाटी के विभिन्न गांवों की देवडोलियों सहित श्रद्धालु रवाना हुए थे। शनिवार सुबह देवडोलियों सहित पांडव पश्वों और श्रद्धालुओं ने डोडीताल की झील में स्नान किया।